संक्षिप्त

रानी लक्ष्मी बाई की जयंती मनाई

कोटपूतली। कस्बे के पुलिस थाने के पिछे स्थित अशोका कोचिंग संस्थान में नारी शक्ति सम्मान के रुप में रानी लक्ष्मी बाई की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. विमल यादव व शिक्षाविद् पूरणचंद कसाना ने झांसी की महारानी लक्ष्मी बाई के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शों को आत्मसात करने पर जोर दिया। छात्रसंघ महासचिव प्रिया कुमावत ने छात्राओं को आत्म सम्मान और स्वाभिमान के साथ जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरित किया। निदेशक राजेश चौधरी व विक्रम कसाना ने कहा कि यह संस्थान बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ जरुरतमंद विद्यार्थियों के सहयोग में भी पीछे नहीं रहता। इससे पहले अतिथियों ने द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

20 गैस सिलेंडर जब्त

अलवर। जिला रसद अधिकारी मानसिंह मीणा ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशन में आज घरेलू गैस के व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग की रोकथाम हेतु कार्रवाई कर 20 सिलेण्डरों को जब्त किया गया जिसमें 18 घरेलू गैस सिलेंडर, 1 व्यावसायिक गैस सिलेंडर एवं 1 अप्रमाणित घरेलू गैस सिलेंडर शामिल है। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा लोहिया का तिबारा स्थित मत्स्य औद्योगिक क्षेत्रा में श्री राधे इलेक्ट्रीकल्स एवं बर्तन भण्डार पर 20 गैस सिलेंडर जब्त कर सुरक्षा की दृष्टि से मैसर्स रिद्धि-सिद्धि गैस एजेंसी के प्रतिनिधि को सुपुर्द किए। घरेलू गैस के व्यावसायिक दुरूपयोग की रोकथाम हेतु इस प्रकार की कार्रवाई निरन्तर जारी रहेगी। इस दौरान प्रवर्तन अधिकारी रणधीर सिंह, विनोद जुनेजा, कृष्ण कुमार बॉयला, प्रशान्त सिंघल एवं गुलाब मौजूद रहे।

छात्राओं को दी आत्मरक्षा की जानकारी

निवाई। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मूंडिया में 10 दिवसीय रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 6 से 12 वीं की लगभग 80 छात्राओं ने भाग लिया। शिविर का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास पैदा करना तथा स्वयं की रक्षा करने हेतु जागृत करना है। प्रशिक्षक शारीरिक शिक्षक प्रेम चौधरी ने छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न प्रकार के जूडो और कराटे की जानकारी दी जिसमें पंच व काता सहित कई पंचों का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को आत्मरक्षा हेतु प्रेरित करने और उनके सशक्तिकरण के लिए इस तरह के प्रशिक्षण होने चाहिए तथा आत्मरक्षा के प्रशिक्षण में प्रत्येक बालिकाओं को भाग लेना चाहिए ताकि वह किसी भी चुनौती का सामना कर सके।

ज्ञापन सौंपा

निवाई। ऑनलाइन साइबर ठगी मामले को लेकर ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आरोपितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। बरोनी के ग्रामीणों ने बताया कि कई कुछ लोगों द्वारा वर्षो से आमजन को गुमराह करके ऑनलाईन साइबर ठगी की जा रही है जिससे आमजन को आर्थिक व मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि आरोपी रमेशचंद मीणा, महेशचंद मीणा व राजेश मीणा तीनों निवासी बरौनी, प्रधान मीणा निवासी नया टीला एवं शेरसिंह मीणा निवासी बड़ागांव कई वर्षों से आमजन को गुमराह करके साइबर ठगी का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आरोपितों के घरों एवं बैंक खाता की गोपनीयता से जांच करके आरोपितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। जिससे आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि इसी मामले को लेकर पूर्व में भी लोगों ने आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी लेकिन कार्रवाई नहीं होने से आरोपितों के हौसले बुलंद है।

सामुदायिक भवन के निर्माण की रखी आधारशिला

चौमू / कालाडेरा। ग्राम पंचायत चीथवाड़ी में रामदेव जी के मंदिर के पास 10 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। ग्रामवासियों द्वारा सामुदायिक भवन के निर्माण पर आयोजित अभिनंदन समारोह में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का माला एवं साफ़ा पहनाकर स्वागत किया गया। ग़ौरतलब है कि पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती द्वारा सांसद कोष से सामुदायिक भवन निर्माण की अनुशंसा की गई थी, जिसकी स्वीकृति पश्चात सामुदायिक भवन का विधिवत निर्माण कार्य प्रारंभ किया।

जैविक खेती को प्रभावशाली बनाने के लिए अधिक से अधिक अनुसंधान करें : दिया कुमारी

पावटा/कोटपुतली। राजस्थान सरकार मुख्यमंत्री बजट 2019-20 मे 5 अगस्त 2019 को कृषि महाविद्यालय कोटपुतली की घोषणा की गई थी। जिसके लिए ग्राम पाथरेडी मे महाविद्यालय के भवन, फार्म, छात्रावास आदि के लिए भूमि आवंटन की गई थी। वही अब जबकि कृषि महाविद्यालय का भवन बनकर तैयार है। जिसे लेकर गुरुवार को ग्राम पाथरेडी मे सर्वप्रथम माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर कृषि महाविद्यालय के प्रशासनिक व अकादमिक भवन का लोकार्पण उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी राजस्थान सरकार के मुख्य आतिथ्य व जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह अतिविशिष्ट आतिथ्य एवं कोटपुतली विधानसभा क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि करण पटेल, राजकुमार देवायुष, पूर्व राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह यादव के विशिष्ट

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पाथरेडी के कृषि महाविद्यालय में प्रशासनिक एवं अकादमी भवन का लोकार्पण किया।

आतिथ्य, कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के कुलपति प्रोफेसर डॉ.बलराज सिंह के कर कमलो द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर उन्होंने कार्यक्रम मे पधारे अतिथियों व कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के कुलपति प्रोफेसर डॉ.बलराज सिंह के साथ भवन का भ्रमण किया। वही कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के कुलपति प्रोफेसर डॉ.बलराज सिंह द्वारा प्रति वेदन प्रस्तुत किया व विश्वविद्यालय में चल रहे विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। इस

■ उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कृषि विकास में महिलाओं के योगदान पर चर्चा की

दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी सहित आगंतुक अतिथियो को पुष्प गुच्छ देकर साफा पहनाकर श्री फल भेट कर शाल ओढाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत व समान किया गया। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कार्यक्रम मे संबोधित करते हुए कहा कि कृषि विशेषज्ञों एवं वैज्ञानिकों को खेती को आर्थिक रूप से फायदेमंद बनाने के संबंध में अधिक से अधिक अनुसंधान करने चाहिए। वही उन्होंने कहाँ कि किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने कई सकारात्मक कदम उठाए हैं। उन्होंने राजस्थान सरकार के फरवरी में आने वाले बजट मे कॉलेज में विश्वविद्यालय के विकास कार्यों को राज्य सरकार की तरफ से मांगों को इसी बजट में लेने व पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कॉलेज में बालिकाओं की 40 प्रतिशत भागीदारी पर प्रसन्नता जाहिर की व कृषि विकास में महिलाओं के योगदान पर चर्चा की। उन्होंने किसानों को सुरक्षित संपन्न व आत्मनिर्भर बनने का आ ान किया। वही जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने नौजवानों को लेकर कहाँ कि किसान बन कर अपने कार्य को प्रतिपादित नही करना चाहते है। इस सोर्यमंडल में एकमात्र ऐसा ग्रह है जिसको ईश्वर ने वह तासीर दी है जिनकी धरती पर वंश को पौष्टिक व्यवस्था के लिए अन्न मिलता है। आज कितनी प्रतिस्पर्धा है।

जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का समापन

टोंक। पीपलू उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित केजीबीवी पीपलू में चल रहे तीन दिवसीय जिला स्तरीय सांस्कृतिक और क्रीड़ा प्रतियोगिता में सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिनमें निर्णायक दिनकर विजयवर्गीय, आशीष गुप्ता, कंवरपाल बिधुड़ी, भगवानसहाय विजय रहे। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में सामूहिक नृत्य व एकल नृत्य में केजीबीवी पीपलू, कविता पाठ में आवा, एकल गायन में मालपुरा, एकल अभिनय में टोडारायसिंह प्रथम रहे। सुबह 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, रिले दौड़, साइकलिंग, लॉन्गजंप, हाई जंप आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन। प्रतियोगिताओं के समापन में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विष्णु शर्मा, हजारीलाल द्वारा सभी विजेता बालिकाओं को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ।टीम प्रभारी को भी सम्मानित किया गया।

एक ही समस्या के लिए परिवादी को बार-बार नहीं आना पड़े : कलेक्टर

खैरथल। खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने जनसुनवाई करते हुए लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों से मौके पर जानकारी लेते हुए त्वरित कार्रवाई कर समाधान के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में जिले के अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े। जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में 52 परिवाद दर्ज किए गए। जिसमें अधिकांश का समाधान मौके पर ही अधिकारियों को भेजकर कराया।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया राज्य सरकार के निर्देशानुसार जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं,समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान मिले इसके लिए प्रत्येक माह के तीसरे गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जिला

जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई करते हुए लोगों की समस्याएं सुनी।

सचिवालय पर किया जाता है। गुरुवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में भूमि पर अतिक्रमण, राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, खाद्य सुरक्षा में नाम जोड़ने, भूमि विभाजन, आधार कार्ड, सड़क, यातायात व्यवस्था सुधारने, नाले का निर्माण, विभिन्न प्रकरणों की पुलिस जांच कराने तथा पेयजल आपूर्ति करवाने सहित विभिन्न जन समस्याओं से संबंधित कुल 52 प्रकरण प्राप्त हुए।

जिला स्तरीय जनसुनवाई में समस्याएं लेकर पहुंचे लोगों की आमजन से जुड़ी समस्याओं का निदान जिला कलेक्टर ने मौके पर अधिकारियों को भेज कर कराया और शेष परिवादों के बारे में संबंधित अधिकारीयों से आवश्यक जानकारी

■ जनसुनवाई में 52 परिवाद दर्ज कलेक्टर ने दिए संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश

प्राप्त कर तुरन्त कार्यवाही कर राहत पहुंचाने के निर्देश दिये और कहा कि एक ही समस्या के लिए परिवादी को बार-बार शिकायत लेकर नहीं आना पड़े इस बात का संबंधित अधिकारी ध्यान रखें। जिला कलेक्टर इस दौरान सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पर्क पोर्टल,मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री कार्यालय सहित विभिन्न स्तरों से प्राप्त परिवादों का निर्धारित समय सीमा में निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें।

चोरियों का खुलासा नहीं होने पर व्यापारियों ने निकाली रैली

चौरु/उनियारा। उनियारा शहर में विगत दिनों लगातार हुई चोरियों का खुलासा अब तक पुलिस द्वारा नहीं किए जाने को लेकर व्यापारियों एवं समस्त नागरिकों में पुलिस के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। इसको लेकर व्यापार संघ अध्यक्ष संदीप गुप्ता के नेतृत्व में उनियारा बस स्टैंड से समस्त व्यापरीकरण एवं कई गणमान्य लोग तथा कस्बे के नागरिक इकट्ठे हुए। वहां

■ रैली निकालकर उपखंड कार्यालय में सौंपा ज्ञापन,सात दिन में खुलासा नहीं होने पर देंगे धरना

से नारेबाजी करते हुए रैली निकालते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने उपखंड अधिकारी के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार धर्मेंद्र तसेरा को ज्ञापन सौंप कर कहा कि पुलिस द्वारा अब तक चोरियों का खुलासा नहीं होना पुलिस की निष्क्रियता दर्शा रहा है।

इस पर समस्त व्यापारी गण एवं सभी नागरिकों में रोष है अगर इन चोरियों का सात दिवस में खुलासा नहीं करते हैं तो समस्त व्यापारीगण एवं

नायब तहसीलदार धर्मेंद्र तसेरा को ज्ञापन सौंपा।

जनप्रतिनिधि तथा कस्बे के नागरिक पुलिस थाने के बाद धरना देंगे।

जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन मुख्यमंत्री, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य कहीं अधिकारियों के नाम दिया गया। इस दौरान वहां पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेश गुर्जर, वरिष्ठ अधिवक्ता बाबूलाल कासलीवाल,पूर्व पालिका अध्यक्ष राकेश बढ़ाया, चंद्र प्रकाश जैन, किशन बढ़ाया, पार्षद धर्म प्रकाश शर्मा मानवेंद्र कुशवाह, धर्मेंद्र मित्तल,अजय गुप्ता, अभय सिंह शक्तावत, चेतन शर्मा, मुकेश चौधरी, मोडू लाल चौधरी, मोनू वर्मा, मुकेश कासलीवाल, दीपक जैन, उम्मेद सिंह चौहान, महेश खंडेलवाल, कपिल मित्तल, कपिल शर्मा धर्म प्रकाश शर्मा, धनराज मीणा खुशीराम मीना, मुकेश गुर्जर,कन्हैया सैनी, कान्हा कुशवाह, चेतन शर्मा, सुशील साहू, सहित सैकड़ो लोग एवं कई गण मान्य लोग शामिल थे।

उनियारा कस्बे में 9 नवंबर की रात्रि को सरदार बाग रोड स्थित अजय कुमार के गोदाम से रात्रि में अज्ञात चोर पिकअप भरकर किराना के सामान ले गए। पिकअप कई जगह कमरे में नजर आई लेकिन पुलिस खुलासा नहीं कर पाई। साथ ही उनियारा कस्बे में 15 नवंबर की रात्रि को टोंक मार्ग स्थित एक मकान से लाखों रुपए के जेवरात नगदी एवं कई अन्य सामान अज्ञात चोर चुरा लिए। लेकिन पुलिस ने इनका कोई खुलासा नहीं किया।

'अभिभावकों को जिम्मेदारी उठानी होगी, तभी अच्छी शिक्षा संभव'

चौमू / कालाडेरा ।प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था हो या देश की शिक्षा व्यवस्था हो दोनों ही स्तर पर ना केवल बदहाल है बल्कि निजी स्कूलों की मनमानी का शिकार हुए बैठी है। जिस पर सरकारें अपनी लाचारी का प्रदर्शन दिन प्रतिदिन बढ़ाती जा रही है और प्रशासन मौन रहकर अपनी लापरवाही का प्रदर्शन प्रतिदिन कर रहे है इन सबके चलते शिक्षा व्यवस्था सुधारने की बजाय लगातार बिगड़ रही है।

इन सबके दोषी निजी स्कूल संचालक, सरकार और प्रशासन ही नहीं बल्कि हम अभिभावक भी है जो लगातार चुप रहकर इनकी मनमानियों का शिकार होकर मजबूरियों का प्रदर्शन कर खुद को लगातार शर्मिंदा करवाते आ रहे है। संयुक्त अभिभावक संघ ने कहा कि '' निजी स्कूलों की फीस निर्धारण को लेकर जहां राज्य सरकार ने फीस एक्ट कानून लागू किया हुआ है जिसे राजस्थान हाईकोर्ट और देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने भी लागू करने के निर्देश दिए हुए है अदालती आदेश बावजूद पिछले 3 वर्षों से इसकी पालना सुनिश्चित नहीं हो रही है जो सरकार और प्रशासन की नाकामियों का उदाहरण है और निजी स्कूल संचालकों की ताकत का प्रदर्शन है जो सरकार और प्रशासन को कठपुतली की तरह नचा रही है। संयुक्त अभिभावक संघ राजस्थान प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक जैन बिट्टू ने कहा कि विगत 5 वर्षों का अनुभव बतलाता है कि अभिभावक ही निजी स्कूल संचालकों को मनमानी करने के उकसाते है, हर अभिभावक एक जैसे नहीं होते किंतु कुछ अभिभावक अपनी ताकत का नाजायज प्रदर्शन करते है जिसकी चपेट में सारे अभिभावक आ जाते है। प्रत्येक अभिभावक को अपनी जिम्मेदारियों का अहसास होना चाहिए उन्हें जिम्मेदारियों को उठाना चाहिए।

अगर अच्छी शिक्षा और सस्ती शिक्षा चाहिए तो आगे आकर आवाज उठानी चाहिए तभी यह संभव होगा, अगर अभिभावक जिम्मेदारियां नहीं उठाएगा तो प्रत्येक बच्चा लापरवाही करने की शिक्षा ही ग्रहण करेगा, क्योंकि बच्चों को प्रथम शिक्षा अभिभावकों से ही शुरू होती है, स्कूल संचालक तो केवल डिग्रियां बांटने वाली शिक्षा देते है संस्कारों की शिक्षा घरों से ही मिलती है। अभिभावकों को दूसरों के घरों में भगत सिंह ना खोजकर स्वयं को भगत सिंह बनाना होगा, तभी जाकर निजी स्कूलों की मनमानियों पर रोक लगवाई जा सकती है।

किशनगढ़ बास में सफाई कर्मियों की हड़ताल के चलते तीसरे दिन भी नहीं हुई सफाई

किशनगढ़ बास। एनसीआर क्षेत्र के खैरथल तिजारा जिले में बढ़ते एयर पॉल्यूशन को प्रशासन को कम करने के एक के बाद एक कड़े कदम उठाए हुए है तो दूसरी और जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर किशनगढ़ बास उपखंड मुख्यालय पर तीन दिन से सफाई कर्मी हड़ताल पर है और लोग सड़कों पर फैले कचरे को इकट्ठा कर खुले में जलाकर जहरीला पॉल्यूशन फैला कर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। और नगर पालिका प्रशासन देखते हुए भी अनदेखी किए हुए हैं।

जिले में एयर पॉल्यूशन को कम करने के लिए जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने एक से पांच तक के सरकारी गैर सरकारी स्कूलों में अवकाश घोषित कर ऑनलाइन शिक्षा दिए जाने के निर्देश दिए हुए।पॉल्यूशन फैलाने वाली फैक्ट्री एवं क्रशरों को बंद कराया जा रहा है। सैकड़ो वाहनों के चालान किए गए हैं। इसके बाद भी किशनगढ़ बास में अधिकारी सड़कों पर खुले में जलते

किशनगढ़ बास में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते नहीं हो रही सफाई को लेकर एसडीएम मनीष कुमार से मुलाकात करते व्यापारी।

कचरे को देखकर भी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

किशनगढ़ बास में सफाई का एक साल से पैसा नहीं मिलने पर ठेकेदार नगर पालिका के और नगर पालिका ठेकेदार के दबाव मे काम कर रहे है और इन दोनों के दबाव में पिस रहा है बेचारा सफाई कर्मी क्योंकि ना तो उन्हें समय पर पैसा मिल रहा है और ना ही उनकी सुनवाई हो रही है। यही नहीं पूरे महीने काम करते हैं और महीने के अंत में ठेकेदार हाजिरी कम बताकर एक एक हजार रुपए वेतन में काट लेता है। कर्मचारियों को पीएफ तो 1 साल से नहीं मिला है। 10 से 15 दिन पहले भी एक दिन सफाई कर्मचारी हड़ताल पाल रहे कारण था उनके अनुभव प्रमाण पत्र नगर पालिका ने नहीं बनाए।

यह पीड़ा काम पर नहीं आ रहे

■ सड़कों पर लगा गंदगी का अंबार, हड़ताल से बेखबर प्रशासन

सफाई कर्मियों की जुबानी बता रहे है।

हालात ऐसे बने हैं कि कोई महीना ऐसा नहीं होता जिसमें सफाई कर्मी दो से तीन बार हड़ताल नहीं करते हर बार एक ही बात कि पैसा नहीं मिल रहा है। पूरे महीने सफाई की फिर भी हाजरी पूरी नहीं बताकर ठेकदार ने पैसा काट लिया। ठेकेदार की शिकायत करो तो अधिकारी सुनवाई नहीं करते। ठेकेदार से बात करो तो एक ही जवाब की नगर पालिका भुगतान नहीं कर रही है। नगर पालिका अधिकारियों से पूछो तो बजट नहीं आ रहा है। दुसरी तरफ देखें तो पड़ोस के अलवर में जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला अलवर को स्वच्छ सुंदर अलवर बनाने के लिए नवाचार कर अतुल्य अलवर का नाम देकर अभियान चलाए हुए हैं।

सुदर्शन महाराज के भजन सुनने उमड़े श्रद्धालु

पावटा। कर्मजोहडा रामपुरा खुर्द, बजरंगपुरा आंतेला में नवनिर्मित मंदिर में श्री श्री 1008 भगवान दास महाराज, श्री श्री 1008 भरत दास महाराज, श्री श्री 1008 गोपाल दास महाराज की असीम अनुकंपा व श्री श्री 108 महंत मंगलदास महाराज के सानिंध्य एवं दाऊ धाम कालाकोटा बलदेव दास महाराज, संत रघुनाथदास महाराज, जयरामदास महाराज, विशम्भबरदास महाराज, रामशरणदास महाराज, शिवदयालदास महाराज, राधेश्यामदास महाराज की उपस्थिति मे गुरुवार को कर्मजोहड़ा सीताराम मंदिर मे भगवान सीताराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा सह सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा व धार्मिक कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यक्रम में विधि विधान से सीताराम के मंदिर में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा की गई। जहाँ साधु संतो व ग्रामीणों द्वारा श्री 108 मंगलदास महाराज को चादर ओढाकर महंत बनाया। कार्यक्रम की शुरूआत में संतों का बधावणा हुआ। विभिन्न लोगों द्वारा आयोजित भंडारों में प्रसाद ग्रहण कर श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ कमाया।

सार-समाचार

किसान वैज्ञानिक संगोष्ठि का आयोजन

मालपुरा, (निस)। केन्द्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर मे चल रही अनुसुचित जाति उपयोजना के अन्तर्गत गुरूवार को देशमा पंचायत की बैरवा ढाणी मे एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य शिविर एवं किसान वैज्ञानिक संगोष्ठि का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर मे पहुंचे 4० पशु पालको की 35० से अधिक भेड,बकरी,गाय व भैंस के स्वास्थ्य का परीक्षण कर बिमार पशुओं का उपचार किया गया। साथ ही सर्दी के मौसम मे होने वाली बिमारियो से सावधानी बरतने एवं पशुओं को सर्दी से बचने के बचाव के बताये उपाया। संस्थान निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर ने किसानो को सम्बोधित करते हुये कहा कि संस्थान द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाये तथा समय-समय पर संस्थान के वैज्ञानिको से मिलकर निरन्तर उनका सहयोग प्राप्त करे। आधुनिक एवं वैज्ञानिक पद्धति से पशु पालन कर अपनी आजीविका मे वृद्धि करे। डॉ. तोमर ने किसानो को भेड,बकरियों मे उन्नत नस्ल क महत्व एवं उनके फायदे व रेवड मे बेहतर प्रबंधन एवं स्वास्थ्य प्रबंधन के लाभ के बारे मे विस्तार से बताया। संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. जीजी सोनावणे विभागाध्यक्ष पशु स्वास्थ्य विभाग,डॉ. अजय कुमार नोडल अधिकारी उपयोजना, डॉ. एलआर गुर्जर प्रभारी टीओटी एण्ड एसएस विभाग,डॉ. दुष्यंत कुमार शर्मा वैज्ञानिक,डॉ. रंगलाल मीणा वैज्ञानिक,गौतम चौपडा वरिष्ठ तकनिकी सहायक,डीके यादव तकनिकी अधिकारी,अंशुल शर्मा तकनिकी सहायक,कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एलआर गुर्जर आदि मौजूद रहै।

निशुल्क प्रशिक्षण का समापन

अलवर। जिला चिकित्सालय के द्वारा राजकीय नर्सिंग कॉलेज में महिला स्टाफ के लिए जारी सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हुआ। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अथिति अतरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रियंका रघुवंशी रही। अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक प्रियंका रघुवंशी ने संबोधित करते हुए कहा कि महिला कभी भी अबला नही होती, उसके अंदर असीम शक्तियों का समावेस होता है। चूँकि कार्यकारी महिलाओं व विशेषकर मेडिकल क्षेत्र की महिलाओं को अनेकों चुनौतियो का सामना करना पड़ता हैं। उन्होंने कहा इस तरह का प्रशिक्षण मानसिक रूप से भी मजबूत बनाता है। प्राचार्य राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय तिजारा राजपाल सिंह यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि नर्सेज एंव नर्सिंग स्टूडेंट्स को रोटेशन ड्यूटी के तहत रात्रि कालीन, सांयकालीन ड्यूटी भी करनी होती है तो किसी भी अवांछित घटना के लिए यह सेल्फ डिफेंस कारगर साबित होगा। प्रशिक्षण रानी लक्ष्मीबाई मार्शल आर्ट्स एकडेमी की संस्थापक पायल सैनी व उनकी सहयोगियों द्वारा प्रदान किया गया। जहाँ विभिन्न मार्शल तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण जिला चिकित्सालय में कार्यरत महिला चिकित्सको, महिला नर्सेज, नर्सिंग संस्थानों के नर्सिंग स्टूडेंट्स ने प्राप्त किया। नरेश गुप्ता ने आभार व्यक्त किया तथा मंच संचालन नर्सिंग फैक्लटी भगवत सिंह नरुका ने किया। इस अवसर पर भारत सैनी, आशुतोष शर्मा, मुकेश मीना, हेमलता सैनी, नरेंद्र अरोड़ा सहित चिकित्सा कर्मी उपस्थित रहे ।

टुटी सड़क से परेशान है ग्रामीण

सावरदा। मौजमाबाद पंचायत समिति क्षेत कि गिदानी ग्राम पंचायत के पालुकलां को पक्की सड़क से जोड़ने के लिए करीब तीस साल पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पालुखुर्द से करीब दो किलोमीटर डामर सड़क का निर्माण कार्य राज्य सरकार द्वारा करवाया गया था । इतना लंबा अंतराल गुजर जाने के बावजुद उक्त सड़क मार्ग की कोई सुध नहीं लिए जाने के चलते यह मार्ग पुरी तरह से उखड़ कर गड्डो व ग्रेवल सड़क मार्ग मे तब्दील हो चुका है । सड़क मार्ग के नवीनीकरण को लेकर ग्रामीणों ने कई बार जन प्रतिनिधियो को लिखित ज्ञापन भी सौंपा परन्तु सड़क मार्ग के दुरस्ती करण को लेकर राशी मंजुर किए जाने के आदेशो का ग्रामीण वर्षों से इंतजार करने व टुटे सड़क मार्ग से सफर करने को मजबुर है । उपसरपंच राजेन्द्र जांदु ने बताया कि करीब एक साल पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर मौखमपुरा मे शुरू किए गए ओवर ब्रिज के निर्माण के दौरान निर्माता कंपनी की कछुआ चाल के चलते आए दिन लगने वाले जाम से निजात पाने के लिए कई वाहन चालक पालुकलां से केरिया होते हुए मौखमपुरा तक तो पहुंच जाते थे ।परन्तु इन वाहनो कि लगातार आवाजाही से सड़क मार्ग पुरी तरह से बिखर कर गड्डो में तब्दील हो चुका है । परेशान ग्रामीणों व सड़क मार्ग की सुध लेने वाला कोई नहीं पहुंचा ।

किसान दिवस की तैयारियों पर चर्चा

निवाई। किसान दिवस की तैयारियों को लेकर गांव पलेई में किसान महापंचायत की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि किसान दिवस की तैयारियों को लेकर महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट किसानों के साथ चर्चा की। इस दौरान 23 नवम्बर को आयोजित किसान दिवस मनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष जाट क्षेत्र के किसानों के साथ उनकी समस्याओं को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि किसान दिवस पर करीब 5 हजार किसान एकत्रित करने और किसान दिवस मनाने का सर्व सहमति से निर्णय लिया गया। इस अवसर पर युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, संगठन मंत्री राधाकिशन मीणा, उपाध्यक्ष बद्रीलाल गुर्जर, महामंत्री गोविंद चौधरी, गुमान सिंह, रामचंद्र मीणा, शंकरलाल मीणा, नवलसिंह, मोहन चौधरी, दीपेंद्र सिंह ,बाबूलाल मीणा, गोपाल सिंह व सुरेश सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन

मालपुरा । शहर के जयपुर रोड स्थित फलोदी बालाजी मंदिर मे संत निर्मल दास महाराज के सानिध्य मे आयोजित शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के पांचवें दिन गुरूवार को मूर्तिप्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का समापन हुआ। शिव परिवार प्रतिमा के पूर्ण्याजन परिवार रमेश चन्द, रामजीलाल, कमलेश, मोहित, अंकित, जूली,प्रियंका, शिवानी, गौरांग, कनिका व राम विजयवर्गीय बोरा परिवार ने हवन यज्ञ मे आहुतियों के साथ-साथ पूर्ण विधि विधान से शिव परिवार की मूर्तियों की स्थापना सम्पन्न करवाई गई। सांयकाल महाआरती के पश्चात प्रसादी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।समारोह मे केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की धर्मपत्नि राधा चौधरी, निवाई विधायक रामसहाय वर्मा,मौजमाबाद प्रधान उगंता सोकरिया,मालपुरा प्रधान सकराम चौपडा,रेगर महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एसके मोहन प्रिया,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कर्नल दुर्गाराम,राष्ट्रीय महासचिव रामकिशोर रेगर,जिलाध्यक्ष शंकरलाल फातीवाल,तहसील अध्यक्ष रामनारायण रेगर,अम्बेडकर विचारमंच के अध्यक्ष गजेन्द्र बोहरा,गंगा मैया धर्मशाला ट्रस्ट अध्यक्ष प्रेमचन्द बैरवा,सरपंच नैना देवी,सीआर राजूलाल वर्मा,युवा प्रकोष्ठ से नोरत मल वर्मा,सहित बडी संख्या मे मौजूद श्रद्धालूओं ने बाबा रामदेव मूति प्रतिष्ठा व अम्बेडकर अनावरण समारोह मे शिरकत की।

विदेशी चित्रकार हुए सम्मानित

टोंक। अंतरंग कला एवं एजूकेशन वेलफेयर सोसाइटी टोंक एवं राजस्थान ललित कला अकादमी जयपुर के सयुंक्त तत्वाधान में आयोजित 18वें अन्तर्राष्ट्रीय कला पर्व क्रेयान्स का आयोजन 15 से 17 नवम्बर तक शिवम मैरिज गार्डन में आयोजित गया था, कार्यक्रम के संयोजक डॉ. हनुमान सिंह खरेड़ा ने बताया की इस बार रूस के 13 चित्रकारों ने 18 वें अन्तर्राष्ट्रीय कला पर्व क्रेयान्स 2024 में आनलाईन भाग लेकर तीन दिन तक लाईव पेन्टिंग बनाई थी ! और तीन दिन तक आनलाईन कला पर्व में भाग लिया था।सचिव पुष्पेन्द्र जैन ने बताया की इन सभी भाग लेने वाले कलाकारों को आनलाईन प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। चित्रकार महेश गुर्जर ने इन सभी कलाकारों को कला पर्व क्रेयान्स टोंक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था, लेकिन इस बार वे किसी कारण से नहीं आ सकें ! जिसके कारण उन सभी कलाकारों ने आनलाईन भाग लिया इन सभी कलाकारों का गुरूवार को रूस देश के सें